आज़ादी का अमृत महोत्सव

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–ब/22838/2022–23/75 दिनांक : 18/7/2022

समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

**विषय :** "स्वाधीनता दिवस समारोह–2022" के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिये प्रशस्ति–पत्र प्रदान किये जाने बाबत।

**प्रसंग :** शासन का पत्रांक : प.18(01)शिक्षा–2/2012 जयपुर, दिनांक : 06.07.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के द्वारा स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 (15 अगस्त, 2022 को आयोज्य) के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिये प्रशस्ति–पत्र प्रदान किये जाने बाबत् निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

अतः उक्त सम्बन्ध में संलग्न निर्देशानुरूप मंत्रिमण्डल सचिवालय द्वारा निर्धारित 05 बिन्दुओं के अनुसार आपके क्षेत्राधिकार में पात्र व्यक्तियों के प्रस्ताव संलग्न निर्धारत प्रपत्र में संबंधित जिला कलक्टर की अनुषंशा उपरान्त शासन को दिनांक : 20.07.2022 से पूर्व प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्न :** यथोपरि।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि :** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साइट पर अपलोड करने हेतु।
4. समस्त अनुभाग अधिकारी, कार्यालय हाजा।
5. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–2)विभाग

क्रमांकःप.18(01)शिक्षा–2/2022 जयपुर दिनांक 06.07.2022

समस्त जिला कलेक्टर्स,
राजस्थान।

विषयः स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिए प्रशस्ति–पत्र प्रदान किये जाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिए प्रशस्ति–पत्र प्रदान किये जावेंगें।

अतः शासन सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय से प्राप्त अशा.टीप. क्रमांक प. 25(04)मंमं/2022 दिनांक 14.06.2022 की प्रति संलग्न कर निर्देशानुसार लेख है कि इस संबंध में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों/संस्थाओं के प्रस्ताव संलग्न प्रपत्र में दिनांक 20.07.2022 से पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव को भिजवाने का श्रम करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

भवदीय,

-Sd-

(प्रवीण कुमार लेखरा)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1. निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर, राजस्थान।
2. रक्षित ।

(जुगनू कुमार जलुथरिया)
शासन सहायक सचिव

राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप-2) विभाग
क्रमांक 4612
दिनांक 23/06/2022

स्वाधीनता दिवस समारोह–2022
अति–आवश्यक/आज जारी हो।

# राजस्थान सरकार
## मंत्रिमण्डल सचिवालय

विषयः– स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों/संस्थाओं एवं खिलाड़ियों इत्यादि को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिये प्रशस्ति–पत्र प्रदान किये जाने बाबत।

स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों/संस्थाओं एवं खिलाड़ियों इत्यादि को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिये प्रशस्ति–पत्र प्रदान किये जावेंगे, जिनके लिये निम्नानुसार प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. प्रस्ताव संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा अपनी अनुशंषा सहित संबंधित विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव को दिनांक 20.07.2022 तक प्रेषित किये जावें।
2. जिला कलेक्टर से प्राप्त प्रस्ताव का संबंधित प्रशासनिक विभाग द्वारा परीक्षण व सक्षम स्तर से अनुमोदन (संबंधित मंत्री महोदय) प्राप्त कर विभागीय अनुशंषा के साथ प्रस्ताव, मंत्रिमण्डल सचिवालय को दिनांक 25.07.2022 तक भिजवाया जावें।
3. उक्त प्रस्ताव 8 प्रतियों में प्रेषित किये जावें। विशिष्ट उपलब्धियों/कार्यों का उल्लेख अधिकतम एक पृष्ठ में प्रस्ताव के साथ प्रेषित किया जावे।
4. प्रस्ताव के साथ निर्धारित प्रपत्र के सभी बिन्दुओं की प्रविष्टियां पूर्ण की जावे।
5. राज्य स्तरीय समारोह (गणतंत्र दिवस/स्वतंत्रता दिवस) में प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित व्यक्तियों/संस्थाओं के प्रस्ताव नहीं भेजे जावे तथा यह भी प्रमाणित करें कि पूर्व में प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित नहीं किया गया है।

प्रस्ताव उपरोक्तानुसार प्रकिया पूर्ण करते हुये संलग्न प्रपत्र 1 व 2 में दिनांक 25.07.2022 तक मंत्रिमण्डल सचिवालय को प्राप्त हो जाने चाहिये, ताकि यथा समय अग्रिम कार्यवाही की जा सके। **इस तिथि के पश्चात** प्राप्त होने वाले प्रस्ताव पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

संलग्नः प्रपत्र।

(जितेन्द्र कुमार उपाध्याय)
शासन सचिव

समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव।

JS-II

AS-II
22/06/2022

अशा0 टीप क्रमांकः प0 25(4)मंमं/2022
जयपुर, दिनांकः 14/6/2022

प्रतिलिपिः
1. प्रमुख सचिव, राज्यपाल, राजभवन, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजरथान, जयपुर।
3. सचिव (जी.जी.), मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त विशिष्ट सहायक/निजी सचिव, मा0 मंत्री/राज्यमंत्री।
5. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
6. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
7. प्रतिलिपि समस्त जिला कलेक्टर को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया इस संबंध में प्रस्ताव संलग्न प्रपत्र में संबंधित प्रशासनिक विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव को दिनांक 20.07.2022 तक प्रेषित किये जावें, ताकि प्रशासनिक विभाग द्वारा विस्तृत परीक्षण कर अपनी सिफारिश के साथ प्रस्ताव निर्धारित तिथि 25.07.2022 तक मंत्रिमण्डल सचिवालय को भिजवाये जा सके। प्रशासनिक विभाग की बिना टिप्पणी/ सिफारिश के सीधे ही मंत्रिमण्डल सचिवालय को प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
8. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राज0, जयपुर को प्रकाशनार्थ।
9. प्रोग्रामर, कम्प्यूटर सैल, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–3) विभाग को वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

आवक क्रमांक S-913
20-6-2022

शासन सचिव

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(2) (73)

प्रपत्र–1

स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 के अवसर पर लोक कलाकारों, आर्टिजन्स, विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों/संस्थाओं एवं खिलाड़ियों इत्यादि को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/सेवाओं के लिये प्रशंसा प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के संबंध में **जिला कलेक्टर** द्वारा भरा जाने वाला प्रपत्र।

1. अंग्रेजी में पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)
2. हिन्दी में पूरा नाम (अनिवार्य):
3. घर का पूरा पताः
4. पत्राचार का पूरा पता (दूरभाष संख्या/मोबाईल नं./ई–मेल आदि सहित)
5. जन्म तिथिः
6. विशिष्ट उपलब्धियों का विवरणः
7. क्या इनके विरूद्ध किसी प्रकार की शिकायत/FIR/न्यायिक प्रकरण प्रकियाधीन है, यदि हॉ तो उसका विवरण देवें:
8. पूर्व में प्राप्त पुरस्कारों का ब्यौरा, यदि कोई है:
9. जिला कलेक्टर की टिप्पणीः
10. अन्य कोई सुसंगत सूचनाः
11. प्रस्तावित व्यक्ति/संस्था की समाज में सामान्य प्रतिष्ठा कैसी है?:–

जिला कलेक्टर के हस्ताक्षर
मय सील एवं दिनांकः

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**प्रपत्र–2**

स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 के अवसर पर लोक कलाकारों,आर्टिजन्स, विशिष्ठ व्यक्तियों, सामाजिक/कला/साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों/संस्थाओं एवं खिलाड़ियों इत्यादि को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों/ सेवाओं के लिये प्रशंसा प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के संबंध में **विभागीय अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव** द्वारा भरा जाने वाला प्रपत्र।

1. अंग्रेजी में पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)
2. हिन्दी में पूरा नाम (अनिवार्य):
3. घर का पूरा पता:
4. पत्राचार का पूरा पता (दूरभाष संख्या/मोबाईल नं./ई–मेल आदि सहित)
5. जन्म तिथि:
6. विशिष्ट उपलब्धियों का विवरण:
7. क्या इनके विरूद्ध किसी प्रकार की शिकायत/FIR/न्यायिक प्रकरण प्रक्रियाधीन है, यदि हॉ तो उसका विवरण देवे:
8. पूर्व में प्राप्त पुरस्कारों का ब्यौरा, यदि कोई है:
9. जिला कलेक्टर की अभिशंषा प्राप्त है अथवा नहीं:
   (जिला कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र एवं प्रपत्र की प्रति संलग्न करें)
10. अन्य कोई सुसंगत सूचना:
11. प्रस्तावित व्यक्ति/संस्था की समाज में सामान्य प्रतिष्ठा पुरस्कार दिये जाने योग्य है या नहीं?
12. क्या उक्त व्यक्ति/संस्था राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने हेतु वास्तव में पात्रता रखते हैं:–
13. क्या उक्त व्यक्ति/संस्था को पूर्व में राज्य स्तरीय समारोह ( 15 अगस्त एवं 26 जनवरी) के अवसर पर प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित किया गया है, यदि हां, तो विवरण अंकित करें।

**प्रशासनिक विभाग के अति0मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव के हस्ताक्षर मय सील एव दिनांक:**

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते